इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड के श्रमिकों को "कोक ब्रीच" की सप्लाई

5146. **श्री अजीत जोगी** : क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड, कुल्टी, पश्चिम बंगाल के श्रमिकों को "कोक ब्रीच" की सप्लाई रियायती दरों पर की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान श्रमिकों को "कोक ब्रीच" की सप्लाई के संबंध में अपनाए गए मानदण्ड और प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रबंधकों को "कोक ब्रीच" की कालाबाजारी के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) और (ख) जी, हां । कोक ब्रीच का वितरण मस्ट-रोल कर्मचारियों और नियमित कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से क्रमशः एक मन और 3 मन की दर से किया जाता है ।

पिछले 3 वर्षों के दौरान कर्मचारियों में वितरित कोक ब्रीच की मात्रा नीचे दी गई है :—

वर्ष	मात्रा (टन)
1991-92	2885.94
1992-93	3706.54
1993-94 (फरवरी 94 तक)	3133.80

(ग) और (घ) "इस्को" को 1991 में एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें पात्र कूपन धारकों को कोक ब्रीच की कम मात्रा सप्लाई करने का आरोप लगाया गया था । इस मामले की जांच की गई और कार्रवाई की गई तथा पात्र कर्मचारियों को कोक ब्रीच के सही प्रकार से वितरण को सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार को अनुदेश दिए गए ।

SETTING UP OF STEEL UNITS IN ORISSA

5147. **SHRI RAHASBIHARI BARIK** : Will the Minister of STEEL be pleased to state :

(a) whether Government have identified places in Orissa for the location of mini, medium and major steel units;

(b) if so, the details thereof; and

(c) how many of these units are proposed to be set up by Non-Resident Indians, Private Sector, Central Government, State Government and Joint Sector, and the other details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV) : (a) and (b) According to information received from the Government of Orissa, the State Government have identified approximately 10,000 acres of land in Dubri-Daitari in Jajpur District, Orissa for location of iron and steel units.

(c) No Steel Plant is proposed to be set up by the Central Government. The details of the projects proposed to be set up in the above area are given below :

Sl. No.	Name of the unit and location	Proposed capacity (liquid steel) in lakh tonnes per year	Proposed Promoter(s)
1	2	3	4
1.	Kalinga Steels (India) Ltd. . . .	13.75	Dr. Swraj Paul Chairman, Caparo Group Ltd., U.K. & Govt. of Orissa.
2.	Mid-East Integrated Steels Limited, Daitari.	10.50 (in phases)	Mid-East (India) Ltd., New Delhi and CMIEC, China.